CS (MAIN) Exam : 2017

**STH-D-ECON**

# अर्थशास्त्र / ECONOMICS

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

निर्धारित समय : तीन घंटे
*Time Allowed :* ***Three*** *Hours*

अधिकतम अंक : **250**
*Maximum Marks :* **250**

---

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें* ***आठ*** *प्रश्न हैं जो* ***दो खण्डों*** *में विभाजित हैं तथा* ***हिन्दी*** *और* ***अंग्रेज़ी*** *दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या* ***1*** *और* ***5*** *अनिवार्य हैं तथा बाकी में प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम* ***एक*** *प्रश्न चुनकर किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द सीमा मान्य सीमा से ज़्यादा अधिक अथवा ज़्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है ।*

*जहाँ आवश्यक हो, आलेख / चित्र उत्तर के लिए दिए गए स्थान में ही दर्शाइए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा नहीं हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* ***EIGHT*** *questions divided in* ***TWO SECTIONS*** *and printed both in* ***HINDI*** *and in* ***ENGLISH.***

*Candidate has to attempt* ***FIVE*** *questions in all.*

*Question nos.* ***1*** *and* ***5*** *are compulsory and out of the remaining, any* ***THREE*** *are to be attempted choosing at least* ***ONE*** *question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.*

*Graphs / illustrations, wherever required, may be drawn / given in the space provided for answering the question itself.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) क्या आप इस बात का समर्थन करेंगे कि भारत में समृद्ध किसानों की आय पर कर लगाना चाहिए ? कारण दीजिए ।

Would you advocate that the income of rich farmers should be taxed in India ? Give reasons. *10*

(b) "सहायिकियाँ (सब्सिडीज़) अदक्षता और भ्रष्टाचार का एक स्रोत हैं ।" क्या आप भारत के संदर्भ में इस कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर का औचित्य दीजिए ।

"Subsidies are a source of inefficiency and corruption." Do you agree with the statement in the Indian context ? Justify your answer. *10*

(c) भारतीय वाणिज्यिक बैंकों की अनिष्पादी परिसंपत्तियों की समस्या किस कारण पैदा हुई है और इस समस्या के समाधान के लिए क्या उपाय सुझाए जा रहे हैं ?

What caused the problem of non-performing assets of Indian commercial banks and what cures are being suggested to solve the problem ? *10*

(d) उन्नीसवीं सदी में भारत में रेल एवं सड़क यातायात तंत्र के प्रारम्भ करने में कौन-से विचार निहित थे ?

What were the considerations underlying the initiation of the railways and the road transport system in India in the 19$^{th}$ century ? *10*

(e) अठारहवीं सदी में भारत में विनिर्माण की स्थिति पर और उत्तरकालीन वि-औद्योगीकरण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

Write a brief note on the state of manufacturing in India in the 18$^{th}$ century and the subsequent de-industrialisation. *10*

**Q2.** (a) पलायन थियोरी का क्या तात्पर्य है ? यह थियोरी 19वीं शताब्दी में भारत के पिछड़ेपन को किस प्रकार स्पष्ट करती है ?

What is drain theory ? How does it explain the backwardness of India in the 19th century ? *20*

(b) क्या आपके विचार में उन्नीसवीं सदी के अन्त में ब्रिटिश सरकार के भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति दृष्टिकोण में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुआ था ? अपने तर्क के पक्ष में विशिष्ट उदाहरण दीजिए ।

Do you think that the attitude of the British Government towards the Indian economy changed markedly at the turn of the 19th century ? Give specific instances supporting your argument. *15*

(c) भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान विभिन्न प्रकार की भूव्यवस्थाओं की तह में व्यापक रूप से कौन-से विचार अंतर्निहित थे ? विवेचना कीजिए ।

What were the broad considerations underlying the different types of land settlements in India during the colonial rule ? Discuss. *15*

**Q3.** (a) भारत में हाल में विमुद्रीकरण के वर्तमान में और निकट भविष्य में प्रमुख प्रभाव का आपका क्या आकलन है ?

What is your assessment of the principal impact of the recent demonetization in India in the immediate and medium terms ? *15*

(b) भारत के पास जनांकिकीय लाभांश प्राप्त करने की बृहत् संभाव्यता है । इस बात को स्पष्ट कीजिए तथा उन आवश्यक उपायों की विवेचना कीजिए, जिनके द्वारा इसे प्राप्त किया जा सकता है ।

India has a vast potential to reap a demographic dividend. Explain the point and discuss the necessary measures to realise it. *15*

(c) पिछले चार दशकों में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में विनिर्माण क्षेत्रक के सापेक्षिक अंश की सामान्यतः क्या प्रवृत्ति रही है ? आपके विचार में इसका निष्पादन कैसा रहा है और सरकार इस मामले में क्या कार्यवाही करने का इरादा रखती है ?

What is the broad trend of the manufacturing sector's relative share in GDP in India over the last four decades ? How do you view its performance and what actions does the government contemplate in this matter ? *20*

**Q4.** (a) भारत की आर्थिक संवृद्धि के साथ-साथ बढ़ती हुई असमता भी चल रही है । यह इस प्रकार कैसे हो रहा है और इस समस्या का न्यूनीकरण करने के लिए कौन-कौन से कदम उठाने आवश्यक हैं ?

India's economic growth is associated with rising inequality. How does it so happen and what actions need to be taken to mitigate the problem ? *20*

(b) मोटे तौर पर पिछले एक दशक के दौरान भारत के विदेशी व्यापार की व्यापक प्रवृत्ति पर और चालू खाता शेष पर एक टिप्पणी लिखिए ।

Write a note on the broad trend of India's foreign trade and current account balance during roughly the last one decade. *15*

(c) भारत सरकार की विनिवेश नीति का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the Disinvestment Policy of the Government of India. *15*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) स्वतन्त्रता प्राप्ति से भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में कृषि का सापेक्षिक योगदान धीरे-धीरे घटता रहा है । क्या आपके विचार से यह अर्थव्यवस्था की कमज़ोरी को रेखांकित करता है ? समझाइए ।

Relative contribution of agriculture to the GDP of India has been going down steadily since Independence. Do you think this highlights a weakness of the economy ? Explain. *10*

(b) 'सार्वजनीन आधारिक आय' की संकल्पना को और उसके अंतर्निहित तर्काधार को स्पष्ट कीजिए ।

Explain the concept and the underlying rationale of 'Universal Basic Income'. *10*

(c) भारत की आर्थिक संवृद्धि में, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्या भूमिका निभा रहे हैं ?

What role are MSMEs playing in India's economic growth ? *10*

(d) "यद्यपि 90 के दशक के मध्य में भारत में आर्थिक उदारीकरण का उद्देश्य औद्योगिक संवृद्धि था, तथापि वास्तव में सेवा क्षेत्रक ने अर्थव्यवस्था का पथप्रदर्शन किया ।" सुस्पष्ट कीजिए ।

"Though economic liberalisation in India in the mid 90s aimed at industrial growth, actually the services sector led the economy." Elucidate. *10*

(e) क्या आपके विचार से भारत की मुद्रा में हाल की मूल्यवृद्धि से भारत के निर्यात को हानि पहुँच रही है ? क्या इसका कोई लाभप्रद पक्ष भी हो सकता है ? संक्षेप में समझाइए ।

Do you think the recent appreciation of Indian currency is harming India's exports ? Can it have a beneficial side too ? Explain in brief. *10*

**Q6.** (a) भारत में गरीबी उन्मूलन के विभिन्न कार्यक्रमों से वांछित सामाजिक-आर्थिक प्रगति प्राप्त नहीं हुई है । प्रमुख कार्यक्रमों का उल्लेख कीजिए और उनकी कमज़ोरियों का अपना विस्तृत आकलन प्रस्तुत कीजिए ।

The various anti-poverty programmes have not achieved the desired socio-economic progress in India. Write down the major programmes and your broad based assessment of their weaknesses. *20*

(b) भारत में किसानों की ऋण-माफ़ी के मामले में गुण-दोष क्या-क्या हैं ? समझाइए ।

What are the merits and demerits of the case of farmers' loan waiver in India ? Explain. *15*

(c) यद्यपि भारत खाद्यान्नों के उत्पादन में आत्मनिर्भर है, किन्तु फिर भी भारतीय कृषि के सामने कुछ बड़ी चुनौतियाँ हैं । सुस्पष्ट कीजिए ।

Even though India is self-sufficient in the production of foodgrains, Indian agriculture is faced with some major challenges. Elucidate. *15*

**Q7.** (a) पिछड़ी अर्थव्यवस्था में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफ.डी.आई.) की क्या विकासात्मक भूमिका हो सकती है ? भारत एफ.डी.आई. को आकर्षित करने के लिए क्या नीति अपनाता रहा है तथा देश को किन-किन रक्षोपायों को अपनाना चाहिए ?

What developmental role can FDI play in a backward economy ? What policy has India been following to attract FDI and what safeguards should the country adopt ? *20*

(b) स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद भारत में आर्थिक नियोजन की संकल्पना के क्रमिक विकास का एक संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

Give a brief account of the evolution of the concept of economic planning in India after Independence. *15*

(c) माल सेवा कर (जी.एस.टी.) को स्पष्ट कीजिए । विश्लेषण कीजिए कि यह भारत में कारोबार को किस प्रकार प्रभावित करने जा रहा है ।

Explain GST. Analyse how it is going to impact Indian business. *15*

Q8. (a) सामान्यत: भारत में रोज़गार की गुणता को चिन्ताजनक समझा जाता है । आप इस स्थिति का विश्लेषण किस प्रकार करेंगे ?

The quality of employment, in general, in India is perceived to be alarming. How would you analyse the situation ? *20*

(b) राजकोषीय संघवाद के विचार के प्रकाश में, भारत में केंद्र से राज्यों को संसाधनों के न्यागमन की स्थिति का एक संक्षिप्त विश्लेषण प्रस्तुत कीजिए ।

Give a short analysis of the state of devolution of resources from the Centre to the States in India in the light of the idea of fiscal federalism. *15*

(c) भारत में स्वतन्त्रता से अब तक प्रति व्यक्ति आय की स्थिति की गतिविधि कैसे रही है ? क्या इसने लोगों के कल्याण को एकसमान रूप से सुधारा है ? विशिष्ट कारण दीजिए ।

How did per capita income in India behave since Independence ? Has it improved the well-being of the people uniformly ? Give specific reasons. *15*